प्रेस नोट-थाना कोतवाली

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक – 01.11.2026

शादी का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण करने, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में वांछित अभियुक्त को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 30.10.2026 को वादिनी द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्त विपनेश बाजपेई उर्फ नन्हे पुत्र लालू बाजपेई निवासी ग्राम सेहरामऊ, थाना पंचदेउरा, जनपद हरदोई, हाल पता जामा मस्जिद के पास, मोहल्ला मस्जिदगंज, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध शादी का झांसा देकर अलग-अलग स्थानों पर शारीरिक संबंध बनाने तथा शादी के लिए कहने पर मारपीट करने एवं वादिनी व उसके परिवारजनों को जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मु०अ०सं० 388/2026 धारा 69/115(2)/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । आज दिनांक 01.11.2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त मोहल्ला जियाखेल स्थित रेलवे लाइन पुलिया के पास मौजूद है । उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर अभियुक्त विपनेश बाजपेई उर्फ नन्हे पुत्र लालू बाजपेई निवासी उपरोक्त उम्र 30 वर्ष को समय 13:35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। अभियुक्त एवं घटना में प्रयुक्त वाहन को थाने लाकर दाखिल किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

विपनेश कुमार बाजपेई उर्फ नन्हे पुत्र विरेन्द्र बाबू बाजपेयी उर्फ लालू निवासी सेंडामऊ थाना पंचदेउरा जिला हरदोई हाल पता जामा मस्जिद के पास मोहल्ला मस्जिद गंज, थाना कोतवाली जिला शाहजहाँपुर (उम्र 30 वर्ष)।

पंजीकृत अभियोग:-

मु0अ0सं0 388/2026 धारा 69/115(2)/351(3) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तारी का स्थान व समय:-

मो0 जियाखेल में स्थित रेलवे लाईन पुलिया के पास थाना कोतवाली शाहजहाँपुर समय 13.35 बजे बजे दिनांक 01.11.26

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार राय थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 शिव कुमार मिश्र थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
3. रि0का0 गौरव थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर